# प्रेस नोट

## दिनांक-22.07.2025

## बरेली पुलिस

**थाना फरीदपुर #bareillypolice कस्बा फरीदपुर में हवाई फायरिंग करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त व तथ्यों का विवरण:-**

**दिनांक 20.7.2025 को एक युवक द्वारा तमंचे से फायरिंग होने की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। दिनांक 21.07.2025 को थाना फरीदपुर, बरेली पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त श्यामप्रताप उर्फ नन्हे पुत्र अमर सिंह निवासी लाइन पार मठिया कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली को दिनांक 21.07.2025 को थाना पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर फायर स्टेशन से आगे नगर पालिका के पार्क कस्बा फरीदपुर से फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार किया गया। थाना फरीदपुर पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला कस्सावान, कस्बा फरीदपुर में मौके पर पहुँचकर जांच की गयी तो, जानकारी हुई कि तौफीक अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी मोहल्ला कस्सावन कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली व श्यामप्रताप उर्फ नन्हे पुत्र अमर सिंह निवासी लाइन पार मठिया कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली के बीच घोड़ी को रास्ते से हटाने को लेकर गाली गलौज व मारपीट हो गई थी। इसके बाद श्यामप्रताप उर्फ नन्हे अपने 15-20 अज्ञात साथियों के साथ मोहल्ला कस्सावान में आया व तौफीक और उसके परिवार में दहशत फैलाने के उद्देश्य से तमंचे से हवाई फायर किया। उसके बाद श्यामप्रताप तौफीक व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ मौके से भाग गया था। उक्त सूचना के सम्बन्ध में उ0नि0 श्री जसवीर सिंह द्वारा थाने पर प्रा०पत्र दिया गया। प्रा०पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 587/ 25 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/351(2)/351(3) बीएनएस बनाम श्यामप्रताप व अपने 15-20 साथियों के विरूद्ध पंजीकृत किया गया । दिनांक 21.07.25 को थाना फरीदपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभि0 श्यामप्रताप को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/351 (2)/351 (3) बीएनएस व 3/25/27 (1) आर्म्स एक्ट पंजीकृत अभियोग में मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –**

**मु0अ0सं0 587/25 धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/351(2)/351(3) बीएनएस व 3/25/27 (1) आर्म्स एक्ट।**

**<u>पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण :-</u>**

**अभियुक्त श्यामप्रताप उर्फ नन्हे पुत्र अमर सिंह निवासी लाइन पर मठिया कस्बा व थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 44 वर्ष का निवासी है। पूछताछ पर अभि0 द्वारा बताया गया कि दिनांक 20.07.25 को मैंने इसी तमंचे से मोहल्ला कस्सावान में हवाई फायर किया था तथा यह मैं अपनी सुरक्षा के लिए रखता हूँ।**

**<u>बरामदगी का विवरण:-</u>**

1. **एक तमंचा 315 बोर**
2. **01 जिन्दा कारतूस**
3. **01 खोखा कारतूस 315 बोर**

**<u>पुलिस टीम का विवरणः-</u>**

1. **प्रभारी निरीक्षक श्री राधेश्याम थाना फरीदपुर जिला बरेली ।**
2. **उ0नि0 श्री जसवीर सिंह थाना फरीदपुर जिला बरेली ।**
3. **का0165 भानू थाना फरीदपुर जिला बरेली ।**
4. **का0 3400 सुमित सिंह थाना फरीदपुर जिला बरेली ।**